भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †3609

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा

†3609. श्री अब्दुल रशीद शेख:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास गुलमर्ग, तंगमार्ग, उरी, लोलाब, बंगुस, कलारूस तथा गुरेज में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए कोई प्रस्ताव है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने बारामूला, कुपवाड़ा, बडगाम तथा बांदीपोरा जिलों में नई पारिस्थितिकी पर्यटन (ईको-टूरिज्म) परियोजनाओं का प्रस्ताव किया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पारिस्थितिकी-पर्यटन गंतव्यों सहित पर्यटक गंतव्यों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - एसडी 2.0 की एक उप-योजना, और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी मौजूदा योजनाओं के माध्यम से जम्मू और कश्मीर सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को, योजना दिशानिर्देशों और सरकारी निर्देशों के अनुरूप, उनसे परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटक और गंतव्य-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी एवं जिम्मेदारीयुक्त गंतव्य के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया गया है।

उपर्युक्त याजनाओं के तहत नई परियोजनाओं को मंजूरी देना एक सतत् प्रक्रिया है।

वर्तमान में, जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र के बारामूला, कुपवाड़ा, बडगाम एवं बांदीपोरा जिलों में पर्यटन अवसंरचना के विकास का कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र में स्वदेश दर्शन और प्रशाद नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

******

अनुबंध

श्री अब्दुल रशीद शेख द्वारा कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †3609 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

(i) जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र.सं.	**परिपथ/ स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में)**
1.	हिमालयन 2016-17	जम्मू-श्रीनगर-पहलगाम-भगवती नगर-अनंतनाग- सलामाबाद उरी-कारगिल-लेह का विकास	77.33
2.	हिमालयन 2016-17	जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास।	81.60
3.	हिमालयन 2016-17	पर्यटक सुविधाओं का विकास प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ के कारण नष्ट हो चुकी परिसंपत्तियों के बदले में निर्माण।	90.43
4.	हिमालयन 2016-17	मंतलाई और सुध महादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास	91.99
5.	हिमालयन 2016-17	अनंतनाग-पुलवामा-किश्तवर- पहलगाम -जंस्कर पदुम-दक्सुम-रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास	86.39
6.	हिमालयन 2016-17	गुलमर्ग-बारामूला-कुपवाड़ा-कारगिल-लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास	96.75

(ii) जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

क्र.सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रू. में)**
1.	2016-17	हजरतबल दरगाह, श्रीनगर में विकास	40.46

*****